कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांक- 14/09/2025

विषय:-थाना जैतपुरा पुलिस द्वारा ऑनलाइन जुआ खेलते हुए 02 नफर अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर जुए में प्रयुक्त 1470/- रुपये व 01 अदद रियलमी एण्ड्रायड मोबाइल बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी महोदय द्वारा अपराधों की रोकथाम के मद्देनजर चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त चेतगंज व थानाध्यक्ष जैतपुरा के नेतृत्व में थाना जैतपुरा पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर ऑनलाइन जुआ खेलते हुए 02 नफर अभियुक्तगण को जुए में प्रयुक्त 1470/- रुपये व 01 अदद रियलमी एण्ड्रायड मोबाइल के साथ बुनकर अस्पताल की गली में बायीं तरफ वाली बन्द मार्केट के अन्दर से दिनांक 13/09/2025 को नियमानुसार गिरफ्तार कर पुलिस हिरासत में लेकर विधिक कार्यवाही की गयी।

घटना का विवरण- दिनांक 13/09/2025 को थाना जैतपुरा पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर ऑनलाइन जुआ “भाग्यलक्ष्मी” वेब पोर्टल से खेलते हुए 02 नफर अभियुक्तगण को जुए में प्रयुक्त 1470/- रुपये व 01 अदद रियलमी एण्ड्रायड मोबाइल के साथ बुनकर अस्पताल की गली में बायीं तरफ वाली बन्द मार्केट के अन्दर से नियमानुसार गिरफ्तार कर थाना जैतपुरा कमिश्नरेट वाराणसी में मु0अ0सं0- 237/2025 धारा- 13 सार्वजनिक जुआ अधिनियम में अभियोग पंजीकृत किया गया।

अभियुक्तगण का विवरण-

1. सूरज जायसवाल पुत्र स्व0 प्रेम जायसवाल निवासी जे 14/155 काजीसादुल्लापुरा थाना जैतपुरा जिला वाराणसी उम्र 24 वर्ष।
2. मो0 सुफियान पुत्र इम्तियाज अमहद निवासी जे 14/16एफ काजीसादुल्लापुरा बडी बाजार जनपद वाराणसी उम्र 25 वर्ष।

गिरफ्तारी का दिनांक व स्थान- दिनांक- 13.09.2025, स्थान- बुनकर अस्पताल की गली में बायीं तरफ वाली बन्द मार्केट के अन्दर से ।

बरामद सम्पत्ति का विवरण- 1470/- रुपये व एक अदद रियलमी एण्ड्रायड मोबाइल (ऑनलाइन जुआ में प्रयुक्त)

गिरफ्तार/सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. उ0नि0 श्री बृजेश कुमार मिश्रा, थानाध्यक्ष, थाना जैतपुरा, कमिश्नरेट वाराणसी
2. उ0नि0 जितेन्द्र यादव , थाना जैतपुरा, कमिश्नरेट वाराणसी
3. उ0नि0 सौरभ सिंह थाना जैतपुरा, कमिश्नरेट वाराणसी
4. का0 उत्तम सिंहथाना जैतपुरा, कमिश्नरेट वाराणसी

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त काशी जोन
कमिश्नरेट वाराणसी